>

Title: Need to expedite the doubling of Gorakpur-Lucknow railway line besides improving the contidition of roads on Gorakhpur-Sahajnawan section.

योगी आदित्यनाथ (गोरखपुर): सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से एक महत्वपूर्ण मुद्दे की ओर सदन का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं। पूर्वी उत्तर प्रदेश और खास तौर से पूर्वोत्तर रेलवे का मुख्यालय गोरखपुर में है। गोरखपुर और लखनऊ जो रेल खंड है, इसके दोहरीकरण कार्य के दौरान डोमिनगढ़ से सहजनवा के बीच लगभग तीन दर्जन से भी अधिक गांव ऐसे हैं जिनके आवागमन को रेलवे दोहरीकरण लाइन के कारण पूरी तरह से बाधित कर दिया गया है। उन गांवों में हजारों की संख्या में नागरिक आज बुनियादी सुविधाओं से वंचित हैं। अव्यवस्था की स्थिति है। रेलवे दोहरीकरण के नाम पर रेलवे लाइन के दोहरीकरण के काम का हम लोग समर्थन करते हैं लेकिन गोरखपुर महानगर से जोड़ने के लिए डोमिनगढ़ में रोहिन नदी पर पुल बनाने की कार्यवाही और साथ साथ डोमिनगढ़ से लेकर जगतबेला और जगतबेला से मोहम्मदपुर माथे तक जो सड़क सम्पर्क पूरी तरह बाधित हुआ है, रेलवे दोहरीकरण के नाम पर जो पूरा मार्ग समाप्त कर दिया गया है, उस कार्य को रेलवे को प्राथमिकता के आधार पर करना चाहिए क्योंकि पूरा मार्ग अवरुद्ध होने से आवागमन बाधित है। लोगों को बुनियादी सुविधाएं नहीं मिल रही हैं। लोग अव्यवस्थित तरीके से वहां जीने के लिए मजबूर हैं। इसलिए मैं आपके माध्यम से भारत सरकार से अनुरोध करूंगा कि वहां हस्तक्षेप करे और रेलवे दोहरीकरण के नाम पर जो सड़क डोमिनगढ़ से जगतबेला और जगतबेला से मोहम्मदपुर माथे तक टूट चुकी है, उसे अवलिम्ब बनाए। रोहिन नदी पर डोमिनगढ़ में पुल का निर्माण कराए और वहां की समस्या का अविलम्ब समाधान करें जिससे तीन दर्जन गांव जो आवागमन से बाधित हैं, उन लोगों को बुनियादी सुविधाएं प्रदान की जा सकें। धन्यवाद।